Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding water drainage problems and functioning of sewer lines and sewer treatment plant in Pratapgarh Parliamentary Constituency.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ की एक महत्वपूर्ण समस्या से अवगत कराना चाहता हूं । वर्ष 2008 में सीवर लाइन बिछाने और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की परियोजना को स्वीकृत कर, उसमें धन आबंटित कर दिया गया था ।

लेकिन 11 वर्षों का लम्बा अन्तराल बीत जाने के बाद भी आज तक सीवर लाइन में कनेक्टिविटी नहीं हो सकी है । हालात इतने खराब हैं कि करोड़ों रुपये से तैयार किए गए ट्रीटमेंट महज शो पीस बनकर रह गए हैं और अधिकारी कहते हैं कि कुछ लोगों द्वारा खोलकर बेच दिए गए और थोड़े बचे हुए जंग खा गए । यही नहीं, कागजों पर बिछी सीवर लाइन और पाइपों का धरातल के नीचे कोई अता-पता नहीं है । सरकार का करोड़ों रुपया सिर्फ कागजों में बिछाकर बांट लिया गया । हालात जस के तस बने हुए हैं । अभी शुरु हुई बरसात के कारण पूरे शहर के हालात गंदगी और जल निकासी के अभाव के कारण बदतर बने हुए हैं । लोगों का निकलना और जीना भी दुश्वार हो गया है । यहां तक कि प्रतापगढ़ की अधिष्ठात्री देवी, मां बेला देवी के मन्दिर परिसर के ठीक पीछे ही शहर के दो बड़े गन्दे नालों का पानी सई नदी में जा रहा है ।

माननीय सभापति : कृपया समाप्त कीजिए । श्री अजय भट्ट जी ।

श्री संगम लाल गुप्ता : सर, केवल एक मिनट और दे दीजिए ।

माननीय सभापति : आपको कुल एक मिनट का समय ही दिया गया था ।

श्री संगम लाल गुप्ता : नमामि गंगे परियोजना भी शामिल की गई है, जिसे छोड़कर नदी के जल में मंदिर के सामने प्रदूषण किया जा रहा है । आपके माध्यम से मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि करोड़ों रुपये का बन्दरबांट करने वालों के लिए विशेष टीम गठित कर उनसे धन की वसूली कराई जाए ।

माननीय सभापति : कृपया ध्यान रखें कि एक मिनट की सीमा निर्धारित है ।